# **प्रेस नोट**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**
**दिनांक-02.10.2024**

- **थाना गजनेर पुलिस की कार्यवाही से चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल नं0 UP 77 M 1093 बरामद की गयी।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेन्ज, कानपुर श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी अकबरपुर के कुशल नेतृत्व में थाना गजनेर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए वादी श्री आनन्द कुमार पुत्र लाखन सिंह यादव निवासी ग्राम हृदयपुर थाना गजनेर कानपुर देहात द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर मु0अ0स0-232/2024 धारा 115(2)/303(2)/352 बीएनएस पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में थाना गजनेर पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अभियुक्त 1. सन्दीप पुत्र स्व0 कैलाश निवासी ग्राम पामा थाना गजनेर कानपुर देहात को आज दिनांक 02.10.2024 को निनाया ग्राम के पास से मय चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल नं0 UP 77 M 1093 सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी तथा प्रकाश में आये अभियुक्त दीपू पुत्र सुरेन्द्र निवासी पामा थाना गजनेर कानपुर देहात की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**पूछताछ का विवरण-** अभियुक्त सन्दीप से पूछताछ करने पर बताया गया कि मैं और मेरा दोस्त दीपू हृदयपुर पामा रेलवे स्टेशन के पास क्रॉसिंग पर शराब पीने गये थे तो एक व्यक्ति के साथ मारपीट हो गयी थी, वह व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल छोडकर चला गया था तब मैं और दीपू उस व्यक्ति की मोटरसाइकिल को ले आये थे। मोटरसाइकिल की नम्बर प्लेट दीपू ने तोड़ दी है। प्रकाश में आये अभियुक्त दीपू पुत्र सुरेन्द्र निवासी पामा थाना गजनेर कानपुर देहात की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1. सन्दीप पुत्र स्व0 कैलाश निवासी ग्राम पामा थाना गजनेर कानपुर देहात।

## अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0स0-232/2024 धारा 115(2)/303(2)/352/317(2) बीएनएस थाना गजनेर कानपुर देहात।

## बरामदगी

1. 01 अदद मोटरसाइकिल नं0 UP 77 M 1093

## गिरफ्तार करने वाली थाना गजनेर पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री भागमल चौकी प्रभारी पामा
2. हे0का0 91 श्याम प्रताप सिंह
3. का0 579 अनुज कुमार सिंह
4. का0 715 रोहित कुमार